Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 22-03-2005

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

>

Title: Need to set up a civil aerodrome in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.- Laid.

श्री सुनील कुमार महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जमशेदपरु झारखण्ड का एकमात्र औद्योगिक क्षेत्र है, जहां पर कई प्रकार के औद्योगिक संस्थान कार्यरत हैं। साथ ही प्राकृतिक सम्पदा का बहुमूल्य खान एवं खनिज पदार्थ जमशेदपुर के आसपास ही उपलब्ध है। यहां से कच्चे माल की सप्लाई विभिन्न क्षेत्रों में होती है। जमशेदपुर में इन सब कारणों से आये दिन विभिन्न उपक्रमों के प्रतिनिधि आते जाते रहते हैं। परन्तु, यहां पर कोई भी सरकारी हवाई अड्डा नहीं है, जिसके कारण उद्योगपतियों एवं व्यापारियों को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है, जो देश के आर्थिक विकास पर नाकारात्मक प्रभाव डालता है। टिस्को कम्पनी का इस्पात एवं लोहे के मुख्य उद्योग इसी जमशेदपुर में स्थित है, जो कई औद्योगिक संस्थानों में प्रयोग किये जाते हैं और छोटे एवं बड़े वाहनों का उत्पादन करने वाली टेल्को निजी उपक्रम यहीं पर कार्यरत है, जिसका विदेशों में भी निर्यात किया जा रहा है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जमशेदपरु में एक भी सरकारी हवाई अड्डा नहीं है, जिसके कारण इस क्षेत्र के विकास में कोई सहायता नहीं मिल पा रही है। वैसे यहां पर एक टिस्को कम्पनी का निजी हवाई अड्डा है। इसका विस्तार कराके सरकारी एवं निजी हवाई सेवा के विमान यहां पर से चलाये जा सकते हैं। सरकार इस दिश में शीघ्र कार्यवाही करें।